राष्ट्रीय आलू दिवस एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

भाकृअनुप-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के मोदीपुरम क्षेत्रीय केंद्र पर देश में आलू के उत्पादन, पोषकता एवं उपभोग के विषय में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 15 फरवरी, 2023 को "राष्ट्रीय आलू दिवस एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन" का आयोजन किया। सर्वप्रथम केंद्र के अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार ने इस अवसर पर पधारे अतिथियों एवं कृषकों का स्वागत किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि डॉ सुनील कुमार, निदेशक भाकृअनुप-भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम रहे, विशिष्ट अतिथि डॉ ब्रजेश निदेशक, भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला एवं डॉ बीएस तोमर, संभागाध्यक्ष (शाकीय विज्ञान), भाकृअनुप-आईएआरआई, नई दिल्ली रहे। मुख्य अतिथि डॉ सुनील कुमार ने इस अवसर पर देश में आलू के महत्व को किसानों को बताया एवं आलू के साथ-साथ अन्य फसलों, पशुपालन के साथ संतुलित समेकित खेती करने का आह्वान किया। संस्थान के निदेशक डॉ ब्रजेश सिंह ने आलू के उपभोग को बढ़ाने पर बल दिया, जिससे आलू प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा, किसानों को आलू का उचित दाम और रोजगार के अवसर बढ़ें। डॉ बी एस तोमर ने आलू के गुणवत्तायुक्त बीज बनाने की तकनीकों को अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ाने का आग्रह किया। इस अवसर पर आलू उत्पादक किसानों के ज्ञानवर्धन के लिए एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत आलू की उन्नत प्रजातियाँ, आलू उत्पादन की सस्य क्रियाएँ, उरर्वरकों का संतुलित उपयोग, बीज उत्पादन की तकनीक, बीमारियों एवं कीटों की पहचान एवं प्रबंधन, आलू प्रसंस्करण की विधियाँ, पोषक अनाज (श्री अन्न) आधारीय आलू उत्पादों का वर्तमान परिदृश्य एवं संभावनाएं आदि विषयों पर विषय विशेषज्ञों ने उपस्थित किसानों की समस्याएँ सुनी एवं उनका समाधान किया। इसके अलावा देश से आलू निर्यात को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता आलू उत्पादन करने पर भी चर्चा है। किसानों की समस्याओं को सुना एवं उनके समाधान किए। इस अवसर पर संस्थान द्वारा विकसित तकनीकों के सजीव प्रदर्शन के लिए एक आलू प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया। जिसमें उपस्थित किसानों ने विशेष रुचि दिखाई। साथ ही आलू फसल में ड्रोन के उपयोग पर सजीव प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और पंजाब राज्यों से 250 से अधिक किसान पधारे।

राष्ट्रीय आलू दिवस
एवं
कृषक जागरूकता कार्यक्रम
दिनांक : फरवरी 15, 2023
भाकृ अनुप - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केंद्र, मोदीपुरम, मेरठ
CPRI

राष्ट्रीय आलू दिवस
एवं
कृषक जागरूकता कार्यक्रम
दिनांक : फरवरी 15, 2023
भाकृ अनुप - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केंद्र, मोदीपुरम, मेरठ
CPRI
ICAR
CPRI

राष्ट्रीय आलू दिवस
एवं
कृषक जागरूकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय आलू दिवस
एवं
CPRI

भा.कृ.अनु.प. - केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय केंद्र, मोदीपुरम, मेरठ (उ.प्र.)